हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शुक्रवार 17 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 38.5 डिग्री
न्यूनतम 27.4 डिग्री



10 शहर में धूमधाम से निकली भगवान...





10 मानसून की बेरूखी से चढ़ रहा पारा भीषण गर्मी से लोगों...









## खबर संक्षेप

### घरेलू क्लेश से तंग व्यक्ति ने दी जान

**कोसली।** गुड़ियानी गांव में बुधवार शाम एक व्यक्ति ने घरेलू क्लेश से परेशान होकर कोई जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक के भाई कुलदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके भाई व भाभी का आपसी घरेलू बातों को लेकर काफी दिन से विवाद चल रहा था, जिस कारण दोनों में मनमुटाव हो गया था। उनकी भाभी दो दिन पहले बेटी को लेकर अपने मायके चली गई थी, जिसके कारण उनका भाई मानसिक रूप से परेशान था।

### जेएलएन नहर में डूबने से व्यक्ति की मौत

**कोसली।** स्टेशन क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति की कोसली बाइपास पर जेएलएन नहर में डूबने से मौत हो गई। मृतक के भाई राजेश ने पुलिस को दी शिकायत में बाताया कि उन्हें सूचना मिली कि उनका भाई प्रेम नहर की पटरी पर बैठकर शराब पी रहा था। शराब के नशे में उनके भाई का पैर फिसल गया और नहर में गिरने के कारण उनके भाई प्रेम की मृत्यु हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

### दो सप्ताह पहले 20 रुपये किलो बिकने वाला टमाटर 60 रुपये पर पहुंचा

# सब्जियों व फलों पर पड़ी मौसम की मार आवक घटने से दस दिनों में दोगुने हुए भाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मौसम में बदलाव के साथ पिछले 10 दिनों में सब्जियों के दाम भी 20 से 40 रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ गए है। मानसून सीजन शुरू होते ही सब्जियों पर मंहगाई का तड़का लग गया है। बरसात व उमस भरी गर्मी के कारण काफी सब्जियों की फसल खराब हो रही है। वहीं काफी सब्जियों की हाल ही में बुआई की गई है, जिससे आवक कम हो गई है। कई सब्जियों के दाम दोगुने से भी ज्यादा हो गए है। आलू, प्याज, घीया व सीताफल को छोड़कर बाकी सब्जियां 40 रुपये से बढ़कर 80 रुपये प्रति किलोग्राम पहुंच गई है। पिछले दो सप्ताह पहले 10 से 20 रुपये प्रति किलो बिकने वाला टमाटर अब 60 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रहा है। 40 रुपये किलो बिकने वाली शिमला मिर्च 120 रुपये किलोग्राम व गोबी 100 रुपये किलोग्राम तक बिक रही है। अदरक के दाम 280 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच चुके है।

अलग खबर



रेवाड़ी। नाईवाली सब्जीमंडी में दुकान पर सब्जियों के भाव पूछते हुए महिलाएं।

### फलों के दामों में भी काफी उछाल

जिले की सब्जी मंडियों में दिल्ली, जयपुर, गुरुग्राम, सिहोर, पंजाब, शिमला व महाराष्ट से सब्जियां बिकने के लिए आ रही है। दूसरे राज्यों में बरसात ज्यादा होने के कारण सब्जियां कम आने व खराब होने के कारण इनके दाम बढ़ गए है। मौसम का असर फलों पर भी पड़ रहा है। 100 रुपये किलो का सेब 350 रुपये किलोग्राम तक पहुंच गया है। वहीं 100 रुपये का डेढ़ किलो बिकने वाला दशहरी आम 125 रुपये किलो हो गया है। जामुन 200 रुपये, आलू बुखारा 100, लीची 400 रुपये, अनार 100 से 250 बबुगोसा 160 मिल रहा है।

**सब्जियों के दाम/ प्रति किलोग्राम**

| सब्जियां | पहले के दाम | वर्तमान दाम | सब्जियां | पहले के दाम | वर्तमान दाम |
|---|---|---|---|---|---|
| अदरक | 120 | 280 | प्याज | 20 | 40 |
| टमाटर | 20 | 60 | घीया | 20 | 40 |
| हरी मिर्च | 30 | 80 | अरबी | 40 | 80 |
| नींबू | 50 | 80 | हरा धनिया | 50 | 100 |
| भिंडी | 40 | 60 | शिमला मिर्च | 40 | 120 |
| खीरा | 30 | 50 से 60 | कैरी | 40 | 80 |
| करेला | 20 | 60 | सीताफल | 20 | 30 |
| टिंडा | 40 | 80 | गोभी | 60 | 100 |
| आलू | 20 | 20 | | | |

### दाग लगने से जल्दी खराब हो रही सब्जियां

बरसात के कारण काफी सब्जियां में दाग लग जाने के कारण खराब हो रही है तथा काफी सब्जियां शहर में कम पहुंच पा रही है, जिसके कारण लगातार दाम बढ़ रहे है। सब्जियों को लाने में ट्रासपोर्ट भी महंगा हो रहा है। बरसात बढ़ने के साथ अभी सब्जियों व फलों के दाम और भी बढ़ने वाले है।

**-कैलाश सैनी**, सब्जी विक्रेता।

# खराब गेहूं वितरण पर 3 डिपो की सप्लाई पर रोक



रेवाड़ी। राशन डिपो में जांच करते हुए विभाग की टीम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राशन वितरण में अनियमित्ताएं पाए जाने पर डीएफएससी ने तीन राशन डिपो की सप्लाई पर रोक लगा दी है। उपभोक्ताओं ने डिपो धारक पर बरसात में भीगा राशन सुखाकर वितरण करने के आरोप लगाने के बाद जिला खाद्य आपूर्ति टीम ने राशन डिपो पर जांच की, जिसमें राशन में गड़बड़ी पाई गई। खराब राशन का वीडियो भी वायरल हुआ है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से जांच करने पर राशन में खामियां पाए जाने के बाद तीन डिपो राशन डिपो की सप्लाई पर रोक लगा दी गई है। डीएफएससी ने वार्ड नंबर 25, नई आबादी और मोहल्ला छिपटवाड़ा के राशन डिपो की सप्लाई पर रोक लगा दी है। नई आबादी के सार्वजनिक वितरण प्रणाली का राशन डिपो अंबेडकर चौपाल में बना हुआ है। गत सप्ताह आई तेज बारिश में राशन डिपो में रखे गेंहू के करीब 45 और 20 चीनी के कट्टे भीग गए, जिसके बाद गेहूं व चीनी में दुर्गंध आने लगी थी। इसके बाद डिपो होल्डर ने खराब गेहूं और चीनी को बांटने के लिए सूखा दिया।

### जांच में मिली खामियां

जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक नितिश कुमार सिंगला ने बताया कि डिपो होल्डर के खिलाफ शिकायत मिली थी। विभाग की टीम की ओर से राशन डिपो पर जांच में खामियां पाई गई, जिसके बाद 3 डिपो की सप्लाई पर आगामी आदेशों तक रोक लगा दी गई है।






मेंढकी के बच्चे ने एक दिन आसमान में हवाई जहाज को उड़ते देखा। वह अपनी मां से हवाई जहाज में बैठने की जिद्द करने लगा। मेंढकी मां ने बहुत समझाया कि हवाई जहाज सिर्फ इंसानों के बैठने के लिए होता है, लेकिन बच्चे ने हवाई जहाज में बैठने की रट लगाए रखी। आखिर मेंढकी मां ने बच्चे की जिद्द पूरी की, बहुत ही मजेदार ढंग से।

# मेंढकी के बच्चे ने की हवाई जहाज की सैर!



गुजराती कहानी
पुष्पा अंताणी

एक मेंढकी थी। उसका एक बच्चा था। मेंढकी और उसका बच्चा एक तालाब के किनारे रहते थे। बरसात के दिन आ गए थे, इसलिए मेंढकी को बहुत काम करने पड़ते थे। बच्चा अपनी मम्मी के इर्द-गिर्द खेला करता था। बच्चा बड़ा शैतान था। सारा दिन यहां-वहां नाचता-कूदता रहता था। वह जिद्दी भी बहुत था। कोई भी बात उसके मन में बैठ जाती तो वह उस बात को मनवा कर ही छोड़ता था।

एक दिन बच्चा तालाब किनारे खेल रहा था। तभी उसने अजीब-सी आवाज सुनी। आवाज आकाश से आ रही थी। बच्चे ने ऊपर आकाश की ओर देखा, एक हवाई जहाज उड़ रहा था।

बच्चे ने अपनी मम्मी से पूछा, 'मां... मां... वह ऊपर क्या उड़ रहा है?'

मेंढकी मम्मी ने बताया, 'वह तो हवाई जहाज है।'

बच्चा बोला, 'मां, मुझे हवाई जहाज में बैठना है।'

मेंढकी मम्मी बोली, 'तुम पागल हो गए हो क्या? हवाई जहाज में तो इंसान बैठते हैं, हम नहीं बैठ सकते।'

बच्चे ने जिद्द पकड़ ली, 'हम क्यों नहीं बैठ सकते? मुझे तो हवाई जहाज में बैठना ही है।' यह कहते हुए वह जोर-जोर से रोने लगा। मां ने उसे बहुत समझाया, पर वह तो रोते ही जा रहा था। कुछ भी करो, शांत ही नहीं हो रहा था। मेंढकी सोचने लगी कि अब वह क्या करे?



तभी एक बकरी वहां से गुजरी। मेंढकी ने बकरी से कहा, 'बकरी बहन... बकरी बहन... मेरे बच्चे को हवाई जहाज में बैठना है।'

उसकी बात सुनकर बकरी जोर से हंस पड़ी, बोली,'तुम्हारे बच्चे में अक्ल नहीं है, वह हवाई जहाज में थोड़े ही बैठ सकता है।'

इतना कहकर बकरी वहां से चली गई।



बच्चा रोते ही जा रहा था। मेंढकी ने दूर से एक गाय को आते हुए देखा। वह कूदती हुई गाय के पास गई और बोली, 'गाय मौसी... गाय मौसी... मेरे बच्चे को हवाई जहाज में बैठना है।'

गाय को पहले तो बात समझ में ही नहीं आई। बाद में जब समझ में आया कि मेंढकी क्या कह रही है, तो वह 'भां... भां...' करते हुए जोरों से हंस पड़ी।

गाय बोली, 'तू पागल, तेरा बच्चा भी पागल। तेरा बच्चा हवाई जहाज में कैसे बैठ सकता है?'

इतना कहकर गाय भी वहां से चली गई।

एक घोड़ा घास खा रहा था। मेंढकी ने घोड़े को भी यही बात बताई। यह सुनकर घोड़ा मेंढकी पर गुस्सा हो गया। वह बोला, 'दुबारा ऐसी फिजूल की बात मेरे सामने मत करना। तेरा बच्चा हवाई जहाज में नहीं बैठ सकता।'

तालाब किनारे एक पेड़ पर बंदर रहता था। मेंढकी ने बंदर से भी विनती की, 'बंदर भैया, मेरा बच्चा सुबह से रोए जा रहा है। उसे हवाई जहाज में बैठना है। आप मेरी मदद करो ना।'

मेंढकी मम्मी की बात सुनकर बंदर हंसते-हंसते पागल हो गया। वह इतना हंसा कि जवाब भी नहीं दे पाया।

मेंढकी मम्मी हताश हो गई। सोचने लगी कि अब वह क्या करे? बच्चा किसी भी तरह मान नहीं रहा था। वह अधिक जोर से रोने लगा था। मेंढकी मम्मी को चिंता हुई कि बच्चा इतना रोएगा तो कहीं कुछ बुरा न हो जाए। वह भी रोने लगी।

तभी उसे 'गूंन... गूंन... गूंन' जैसी आवाज सुनाई दी। यह आवाज सुनकर बच्चा भी शांत हो गया। मेंढकी ने देखा तो एक भंवरा उड़ता हुआ आ रहा था। मेंढकी ने उसे रोका,'भंवरा, भंवरा, मेरी बात सुन।'

भंवरा रुक गया, उसने पूछा, 'क्या बात है?'

'देख, मेरे बच्चे को हवाई जहाज में बैठना है। मैं उसे हवाई जहाज में कैसे बिठा सकती हूं? अगर तू मेरी मदद करे तो यह काम हो सकता है।' मेंढकी ने भंवरे से आग्रह किया।

भंवरा बोला, 'मैं तेरी क्या मदद कर सकता हूं?'

मेंढकी मम्मी ने कहा, 'भंवरे, तू ही उसका हवाई जहाज बन जा। अगर तू मेरे बच्चे को अपने ऊपर बिठा कर उड़ता हुआ थोड़ी दूर तक घुमा ले आएगा तो उसे लगेगा कि वह हवाई जहाज में बैठकर आया है।'

पहले तो भंवरे ने मेंढकी की बात हंसी में उड़ा दी, पर जब मेंढकी ने बहुत विनती की तब वह बोला, 'ठीक है, मैं तेरे बच्चे का हवाई जहाज बनकर घुमा लाऊंगा, पर उसके बदले में तुझे भी मेरा एक काम करना होगा।'

मेंढकी मम्मी बोली,'तू जो बोलेगा वह सब मैं करूंगी।'

भंवरे ने कहा, 'सुन, अब बारिश के दिन आ गए हैं। इस मौसम में मैं पूरा दिन 'गूंन गूंन गूंन' की आवाज करता हुआ उड़ता रहता हूं, पर जब रात होती है तो मुझे बहुत डर लगता है। चारों ओर इतना सन्नाटा होता है कि मुझे डर लगता है। इसलिए जब बारिश हो, तब तू पूरी रात जाग कर आवाज करते रहना। तेरी आवाज सुनकर मुझे डर नहीं लगेगा। बोल, अगर मेरी यह बात तुझे मंजूर है तो मैं तेरे बच्चे का हवाई जहाज बनने के लिए तैयार हूं।'

मेंढकी मम्मी हंसते हुए बोली, 'बस, इतनी सी बात! तेरी शर्त मुझे मंजूर है।'

भंवरे ने कहा, 'तब तो मैं भी तेरे बच्चे का हवाई जहाज बनने के लिए तैयार हूं।'

मेंढकी मम्मी ने अपने बच्चे को भंवरे की पीठ पर बिठा दिया और भंवरा हवाई जहाज की तरह हवा में उड़ने लगा। कभी दाएं तो कभी बाएं, कभी ऊपर तो कभी नीचे। भंवरा हवाई जहाज की तरह 'गूंन गूंन गून' आवाज भी कर रहा था। मेंढकी के बच्चे को बहुत मजा आ रहा था। भंवरे ने बहुत सारे चक्कर लगाने के बाद बच्चे को नीचे उतारा।

'मां... मां... मुझे हवाई जहाज में बहुत मजा आया।' ऐसा कहते हुए वह अपनी मां से लिपट गया।

'भंवरा अंकल, थैंक्यू!' बच्चे ने भंवरे से कहा।

भंवरे ने मेंढकी से कहा, 'हमारी बात याद है ना? अब तू भी मेरा काम करने के लिए तैयार हो जा।'

उसी दिन बहुत बारिश हुई। रात में मेंढकी बारिश में पूरी रात 'ड्रांव-ड्रांव' बोलती रही। आगे भी वह रात में बारिश होने पर 'ड्रांव-ड्रांव' करती ताकि भंवरा डरे नहीं। दोनों बहुत अच्छे दोस्त हो गए। मेंढकी का बच्चा अकसर भंवरे की पीठ पर बैठकर हवाई जहाज की सैर का मजा लेता। *

अनुवादः सेतु अंताणी



• सभी इमेज एआई

कविता / अखिलेश श्रीवास्तव चमन

## काले बादल

बन सैलानी,
ले कर पानी,
फिर आए हैं काले बादल।
रौब जमाते,
शोर मचाते
घिर आए हैं काले बादल।
हाथापाई,
चोर सिपाही
खेल कर रहे काले बादल।
हाथ मिला कर
गले लगा कर
मेल कर रहे काले बादल।
हवा ने डांटा,
मारा चांटा
लौटे रो कर काले बादल।
घर-आंगन को,
वन-उपवन को
गए भींगो कर काले बादल।



एआई इमेज

## हंसगुल्ले

टिंकू (रिंकू से): तुम्हारी बेतुकी बातों से मेरा दिमाग खराब हो गया है। मैं तुम्हारे घर आ रहा हूं।
रिंकू: अरे! तब तुम मेरे घर नहीं, मेरे मामा जी के घर जाओ।
टिंकू: क्यों?
रिंकू: क्योंकि वो दिमाग के डॉक्टर हैं।
- संगीता, बिलासपुर

रोहन: क्या जुबान के भी पैर होते हैं?
सोहन: नहीं।
रोहन: फिर मम्मी क्यों कहती हैं कि तेरी जुबान दिन भर चलती रहती है?
- उमेश, जबलपुर

डॉक्टर: मिक्की, इस दवाई को दिन में चार चम्मच लेना।
मिक्की: फिर तो मैं यह दवा नहीं पी पाऊंगी।
डॉक्टर: वो क्यों?
मिक्की: मेरे घर में तो सिर्फ दो चम्मच ही हैं।
- कविता, दुर्ग

## जीके क्विज-214

1. भारत के 98 वें शतरंज ग्रैंड मास्टर कौन बन गए हैं?
2. पृथ्वी अपने अक्ष पर कितने डिग्री झुकी हुई है?
3. किस देश की टीम ने महिला टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता?
4. देश के वर्तमान सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री कौन हैं?
5. जल का रासायनिक सूत्र क्या है?
6. गौतम बुद्ध का जन्म कहां हुआ था?
7. मानव शरीर की सबसे बड़ी अस्थि (बोन) का नाम क्या है?
8. भारत का राष्ट्रीय जलीय जीव क्या है?
9. हाल में ही किस युद्धपोत को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया?
10. 'सत्यमेव जयते' का आदर्श वाक्य किस उपनिषद से लिया गया है?



बच्चो, जीके क्विज-214 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-213 का उत्तर :** 1 इंडोनेशिया, 2.आशुतोष दीक्षित, 3.हर्षवर्धन जीबी, 4.इंग्लैंड, 5.कलिंग युद्ध, 6.उपराष्ट्रपति, 7.हीमोग्लोबिन, 8.नाइट्रस ऑक्साइड, 9.करमचंद गांधी, 10.विटामिन-ए

**जीके क्विज-213 का सही उत्तर देने वाले :** दीक्षिता-बादली, सचिन-बिलासपुर, कोमल-गरियाबंद, तुषार-सारंगढ़ बिलाईगढ़, सूरज-रायगढ़, सपना-खैरागढ़, अजय-रायपुर, रोहन-बालोद, कबीर-हिसार, कुणाल-बलौदा बाजार, रिया-दुर्ग

एडवाइस
डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, पढ़ाई में अच्छे होने के साथ तुम्हारा कम्युनिकेशन स्किल भी बेहतर होना चाहिए। सही ढंग से बोलना, किसी की बात को ध्यान से सुनना और प्रभावी हाव-भाव रखना, तुम्हें हर जगह कॉन्फिडेंस के साथ आगे बढ़ने में मदद करेगा। बच्चो, छोटी- छोटी बातें ध्यान में रखकर तुम अपना कम्युनिकेशन स्किल इंप्रेसिव बना सकते हो।

## बनो अच्छे कम्युनिकेटर जीतो सबका दिल





बच्चो, स्कूल खुल चुके हैं। नए सेशन की शुरुआत हो चुकी है। धीरे-धीरे तुम्हारी पढ़ाई भी रफ्तार पकड़ने लगेगी। अपने आपसे प्रॉमिस करो कि इस वर्ष पढ़ाई के साथ ही तुम्हें अपने कम्युनिकेशन को भी सुधारना है। क्लासरूम हो या घर, अच्छे से कम्युनिकेट करना सीखो। इसे अपनी आदत बनाओ। छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देकर अपने कम्युनिकेशन को बेहतर बनाया जा सकता है। खुद को प्रभावी ढंग से एक्सप्रेस करने का अंदाज पढ़ाई, स्कूल के प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन और पर्सनल इंप्रूवमेंट तक हर क्षेत्र में काम आता है।

**समझो प्रभावी कम्युनिकेशनः** टीचर, रिलेटिव्स या तुम्हारे फ्रेंड्स के भैया-दीदी या दूसरे कुछ लोगों से बातचीत करना अच्छा लगता है ना! उनका बातचीत का अंदाज इतना इंप्रेसिव होता है कि तुम मन से उनकी बातें सुनते हो। उनकी कही बातों को अच्छे से समझ पाते हो। असल में किसी इंसान द्वारा अपने विचारों और जानकारियों को स्पष्टता और सही ढंग से समझा पाना ही प्रभावी कम्युनिकेशन का सबसे अहम पहलू है। अच्छे से कम्युनिकेट करना केवल बोलना नहीं होता। यह सही ढंग से बातचीत करने का सधा हुआ तरीका होता है।

**प्रभावी कम्युनिकेशन के फायदेः** अगर तुम अच्छे से संवाद करोगे, सही ढंग से अपनी बात रखोगे, तो यह स्कूल के कार्यक्रम में भागीदारी से लेकर सहज जीवन में भी तुम्हें काम आएगा। कम्युनिकेशन स्किल अच्छी होगी तो तुम मम्मी-पापा को अपनी उलझन, कुछ नया सीखने की योजना या अपने एक्सपेक्टेशंस भी अच्छे से बता पाओगे। ऐसे में पैरेंट्स के लिए भी तुम्हारे दिल की बात समझना आसान होगा। साथ ही तुम्हारे दिमाग की किसी उलझन को भी घर के बड़े बिना किसी गलतफहमी के सही ढंग से जान पाएंगे।

**कम्युनिकेशन में हाव-भाव की भूमिकाः** अच्छे कम्युनिकेशन के लिए जरूरी है कि अपने हाव-भाव को समझो। कई बार हमारे शब्द और बॉडी लैंग्वेज अलग-अलग होते हैं। इस स्थिति में कही गई बात सही तरीके और सही मीनिंग के साथ सामने वाले इंसान तक नहीं पहुंचती। कई बार कम्युनिकेशन की प्रक्रिया में 50 प्रतिशत से अधिक तो बॉडी लैंग्वेज की ही भूमिका होती है। बातचीत के दौरान अगर आइ-कॉन्टेक्ट, बॉडी पोश्चर और आवाज का टोन शब्दों से मेल नहीं खाता तो सुनने वाले को प्रभावित नहीं किया जा सकता। तुम्हारे ही हाव-भाव कंफ्यूजिंग होंगे तो सामने बैठे लोगों तक पहुंचते-पहुंचते शब्दों का अर्थ ही अलग हो जाएगा। सोचो, कोई व्यक्ति हैप्पी रहने की बात समझाते हुए सीरियस रहे तो कितना अजीब लगेगा ना। बच्चो, सही ढंग से और प्रभावी हाव-भाव के साथ बात करने वाले सबका दिल जीतते हैं।

**माइंडफुल लिसनिंग है जरूरीः** प्रभावी कम्युनिकेशन का मतलब अपनी बात कहना भर नहीं होता। जैसे अपने बड़ों से बात करते हुए ही नहीं, छोटे भाई-बहनों, फ्रेंड्स या क्लासमेट्स से बातचीत करते हुए भी सही रेस्पॉन्स देना जरूरी है। सामने वाले की बात को बीच में काटे बिना हाव-भाव से यह बताना आवश्यक है कि तुम उनकी बात समझ रहे हो। इसके लिए माइंडफुल लिसनिंग सबसे ज्यादा जरूरी है। साथ ही सामने वाले की बात सुनने के बाद थोड़ा सोचकर बोलने के लिए भी पहले उसे सही ढंग से सुना जाना जरूरी है। क्लास में टीचर्स के सवालों का जवाब देना हो या किसी कार्यक्रम में भागीदारी करना। हर समय पहले कही जा रही बात, प्रश्न या सलाह को ठीक से सुनने की आदत बनाओ। अच्छे से सुनना अपने कम्युनिकेशन को बेहतर बनाने का बेहद जरूरी पहलू है। इस पर हमें जरूर ध्यान देना चाहिए। *

### ऐसे सुधारो अपने हाव-भाव

**तुम खुद** को बोलते हुए मिरर में देखकर और दूसरे लोगों को बोलते हुए ध्यान से देख-सुनकर सही हाव-भाव सीखने की कोशिश कर सकते हो। इसके लिए मम्मी-पापा से अपना वीडियो बनवाकर भी प्रैक्टिस कर सकते हो। इस मामले में बड़ों का फीडबैक बहुत हेल्प करता है। उनकी सलाह लेकर तुम भी अपनी कमियां सुधार सकते हो। बच्चो, किसी खास अवसर पर ही नहीं, आम जीवन में भी सही एक्सप्रेशन के साथ किया गया संवाद बहुत प्रभावी होता है।

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

## जानो पिनकोड की कहानी

बच्चो, तुमने देखा होगा कि पत्र में जहां पर पता लिखा होता है, उसके अंत में छह अंकों की एक संख्या लिखी होती है, इसे पिनकोड कहते हैं- पोस्टल इंडेक्स नंबर। यह अलग-अलग छह अंकों का नंबर, डाक विभाग की पहचान से जुड़ा होता है। डॉ. विमला भंडारी लिखित किताब 'छह अंकों का जादू' (पिनकोड की कहानी) में पिन कोड के बारे में बहुत ही रोचक ढंग से एक कहानी के रूप में जानकारी दी गई है।





सुनीता के हाथ में एक कागज का टुकड़ा देखकर उसकी दोस्त वनिता पूछती है कि यह चिट्ठी बिना रास्ता पूछे घर कैसे पहुंच गई? यह जानने के लिए दोनों दोस्त डाकघर जाती हैं, जहां उन्हें पिनकोड के बारे में जानकारी मिलती है। घर पहुंचकर सुनीता अपने पिताजी से जब पिनकोड के बारे में पूछती है तो वह और विस्तार से बहुत सरल तरीके से बताते हैं कि पिनकोड का पहला, दूसरा, तीसरा और आखिरी के तीन अंकों की सहायता से कैसे अमुक व्यक्ति तक उसका पत्र पहुंच जाता है। इस तरह पत्र के पते में पिनकोड लिखा होने से चिट्ठियां गुम नहीं होतीं। अब तो ऑनलाइन ऑर्डर में भी पिनकोड लिखना जरूरी होता है। किताब में यह भी जानकारी दी गई है कि पिनकोड की खोज श्रीराम भिक्षु चक्रवर्ती ने की थी। पुस्तक में पिनकोड पर लिखी ये पंक्तियां भी मजेदार हैं- 'छह अंकों का पिन है प्यारों/रास्ता दिखलाए सही-सही।/डाक-संदेश पहुंचा दे यारों/चिट्ठी-पार्सल को गली-गली।' *

**किताब** : छह अंकों का जादू (पिनकोड की कहानी), **लेखिकाः** डॉ. विमला भंडारी, **मूल्यः** 135 रुपए, **प्रकाशकः** द बिट्स, जयपुर (राजस्थान)

## रंग भरो-206

**रंग भरो-206** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





अगमजोत, कोंडागांव



आशुतोष, उमरिया



ईशानी, बिलासपुर



दिव्या, बिलासपुर



प्रत्यूष, कोरबा



याचना, गरियाबंद

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

कृष्ण-रायपुर, आशना-जांजगीर, कविता-रायपुर, हर्ष-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, संपत-जांजगीर, सरल-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, रोहित-करनाल, विकास-बिलासपुर, रचना-कोरबा

## रंग भरो 207



बच्चो, यहां दिए गए क्यूट-से ब्लैक एंड व्हाइट चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### अटेली नपा चेयरमैन की सुनवाई एक दिन आगे बढ़ी

**मंडी अटेली।** अटेली नगर पालिका के चेयरमैन संजय गोयल को अयोग्य घोषित किए जाने का मामला अब जिला सत्र न्यायालय पहुंच गया है। इस मामले में आज 17 जुलाई को सुनवाई होगी। पहले यह सुनवाई 16 जुलाई को निर्धारित थी, लेकिन किसी कारणवश इसे एक दिन आगे बढ़ा दिया गया। गत सप्ताह इलेक्शन ट्रिब्यूनल ने संजय गोयल को अयोग्य करार दिया था। इसके बाद उन्होंने इस फैसले को चुनौती देते हुए सेशन कोर्ट में अपील दायर की।

### अवैध देसी पिस्टल सहित आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** सीआईए ने एक व्यक्ति को अवैध देसी पिस्टल, मैगजीन व एक जिंदा कारतूस सहित मांदी लाजिस्टिक हब रोड फ्लाईओवर के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान मनोज निवासी टहला थाना सदर को काबू किया। इस संबंध में थाना सदर में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### शिविर में 105 नागरिकों ने रखीं समस्याएं

**नारनौल।** मुख्यमंत्री के निर्देश पर लगाए जा रहे समाधान शिविर की कड़ी में वीरवार को लघु सचिवालय में नगराधीश डॉ. मंगल सेन ने नागरिकों की शिकायतें सुनी। इस शिविर में कुल 105 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके उचित समाधान के लिए नगराधीश ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे एक तय समय सीमा के भीतर ही नागरिकों की इन शिकायतों का निपटारा सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### आजाद चौक पर 13 घंटे का धरना कल

**नारनौल।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर पेपर लीक मामले को लेकर चल रहे आंदोलन के समर्थन में आजाद चौक पर 18 जुलाई को 13 घंटे का एक धरना एवं सामूहिक उपवास आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक एवं वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता गिरीश खेड़ा ने बताया कि यह धरना सुबह 7 बजे से रात 8 बजे तक चलेगा। गिरीश खेड़ा ने बताया कि जंतर-मंतर पर पेपर लीक मामले को लेकर पिछले करीब एक माह से विरोध प्रदर्शन चल रहा है।

### आरती राव की कार्यशैली लाजवाबः संजय राव



**महेंद्रगढ़।** प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव की कार्यकुशलता और प्रशासनिक दक्षता की हर तरफ प्रशंसा हो रही है। यादव सभा के लेटरपैड पर जारी एक बयान में सामाजिक कार्यकर्ता संजय राव ने कहा कि जब से आरती सिंह राव ने कार्यभार संभाला है, तब से आज तक जनहित में अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए हैं, जिससे प्रदेश की जनता को सीधा और बड़ा लाभ मिल रहा है। उनके काम करने का 24 घंटे का तरीका वाकई लाजवाब है।

### पुलिस ने नाबालिग बच्चे को परिजनों से मिलाया

**नारनौल।** पुलिस ने सूचना मिलने के महज 14 घंटे के भीतर एक गुमशुदा नाबालिग बच्चे को सकुशल तलाश कर उसके परिजनों के चेहरे पर मुस्कान लौटा दी है। यह पूरा घटनाक्रम 14 जुलाई का है, जब एक बच्चा माता-पिता द्वारा डाटे जाने से नाराज होकर सुबह करीब आठ बजे अपने घर से अचानक कहीं चला गया था।

### दुकान का ताला तोड़कर ऑटो पार्ट्स चोरी

**कनीना।** शहर में एक दुकान का ताला तोड़कर गाड़ी के पार्ट्स चोरी होने की घटना सामने आई है। रेवाड़ी के हरीश कुमार ने बताया कि उसकी कनीना-महेन्द्रगढ़ रोड पर रेवाड़ी डीजल सर्विस नाम से दुकान है। जिसमें रात के समय अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर कीमती सामान चोरी कर लिया।

---

### प्लेटफार्म दो व तीन ब्लॉक 19 रेलगाडी दिल्ली नहीं करेंगी ठहराव

# दिल्ली कैंट स्टेशन का अपग्रेडेशन कार्य शुरू, अक्टूबर तक प्रभावित रहेंगी रेलसेवाएं

**गाड़ी संख्या 09609 उदयपुर सिटी-योगनगरी ऋषिकेश साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 21 जुलाई से 6 अक्टूबर तक उदयपुर सिटी से प्रस्थान करके दिल्ली कैंट स्टेशन नहीं करेगी ठहराव**

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल पर दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन के मेजर अपग्रेडेशन कार्य के अंतर्गत प्लेटफार्म संख्या दो व तीन पर ब्लॉक लिया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ अमित सुदर्शन ने बताया कि कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित रेलसेवाएं प्रभावित रहेंगी।

#### ये ट्रेनें दिल्ली कैंट स्टेशन पर नहीं करेगी ठहराव

गाड़ी संख्या 09609 उदयपुर सिटी-योगनगरी ऋषिकेश साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 21 जुलाई से 6 अक्टूबर तक उदयपुर सिटी से प्रस्थान करके दिल्ली कैंट स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी। गाड़ी संख्या 04829 जोधपुर-गोरखपुर स्पेशल रेलसेवा 16 जुलाई से 8 अक्टूबर तक जोधपुर से प्रस्थान करके दिल्ली कैंट स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी। गाड़ी संख्या 15623 भगत की कोठी-कामाख्या रेलसेवा 21 जुलाई से 6 अक्टूबर तक भगत की कोठी से प्रस्थान करके दिल्ली कैंट स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी। गाड़ी संख्या 09611 अजमेर-योगनगरी ऋषिकेश स्पेशल रेलसेवा 15 जुलाई से 7 अक्टूबर तक अजमेर से प्रस्थान करके दिल्ली कैंट स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी। गाड़ी संख्या 20474 उदयपुर सिटी-दिल्ली सराय रेलसेवा 15 जुलाई से 12 अक्टूबर तक उदयपुर सिटी से प्रस्थान करके दिल्ली कैंट स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी। गाड़ी संख्या 12464 जोधपुर-दिल्ली सराय रेलसेवा 18 जुलाई से 8 अक्टूबर तक जोधपुर से प्रस्थान करके दिल्ली कैंट स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी। गाड़ी संख्या 22464 बीकानेर-दिल्ली सराय रेलसेवा 18 जुलाई से 10 अक्टूबर तक बीकानेर से प्रस्थान करके दिल्ली कैंट स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी। गाड़ी संख्या 22491 जोधपुर-दिल्ली रेलसेवा 15 जुलाई से 12 अक्टूबर तक जोधपुर से प्रस्थान करके दिल्ली कैंट स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी। गाड़ी संख्या 12915 साबरमती-दिल्ली रेलसेवा 15 जुलाई से 12 अक्टूबर तक साबरमती से प्रस्थान करके दिल्ली कैंट स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी। गाड़ी संख्या 09523 ओखा-शकूरबस्ती स्पेशल रेलसेवा 21 जुलाई से 6 अक्टूबर तक ओखा से प्रस्थान करके दिल्ली कैंट स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी।




रेवाड़ी। उत्तर-पश्चिम रेलमार्ग से गुजरती एक्सप्रेस ट्रेन। *फोटो: हरिभूमि*

#### इन रेलगाड़ियों के रूट में हुआ बदलाव

गाड़ी संख्या 14088 जैसलमेर-दिल्ली रेलसेवा 15 जुलाई से 12 अक्टूबर तक जैसलमेर से प्रस्थान करके दिल्ली कैंट स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी। गाड़ी संख्या 09257 भावनगर-शकूरबस्ती स्पेशल रेलसेवा 17 जुलाई से 9 अक्टूबर तक भावनगर से प्रस्थान करके दिल्ली कैंट स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी। गाड़ी संख्या 12216 बांद्रा टर्मिनस-दिल्ली सराय रेलसेवा 15 जुलाई से 16 अक्टूबर तक बांद्रा टर्मिनस से प्रस्थान करके दिल्ली कैंट स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी। गाड़ी संख्या 09425 साबरमती-हरिद्वार स्पेशल रेलसेवा 20 जुलाई से 12 अक्टूबर तक साबरमती से प्रस्थान करके दिल्ली कैंट स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी। गाड़ी संख्या 14312 बरेली-भुज रेलसेवा 15 जुलाई से 9 अक्टूबर तक भुज से प्रस्थान करके दिल्ली कैंट स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी। गाड़ी संख्या 14322 भुज-बरेली रेलसेवा 16 जुलाई से 12 अक्टूबर तक भुज से प्रस्थान करके दिल्ली कैंट स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी। गाड़ी संख्या 22471 लालगढ़-दिल्ली सराय रेलसेवा 15 जुलाई से 13 अक्टूबर तक लालगढ़ से प्रस्थान करके दिल्ली कैंट स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी। गाड़ी संख्या 14713 सीकर-दिल्ली सराय रेलसेवा 17 जुलाई से 9 अक्टूबर तक सीकर से प्रस्थान करके दिल्ली कैंट स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी। गाड़ी संख्या 22422 जोधपुर-दिल्ली सराय रेलसेवा 17 जुलाई से 13 अक्टूबर तक जोधपुर से प्रस्थान करके दिल्ली कैंट स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी।

---



रेवाड़ी। दिवंगत जवान को अंतिम सलामी देते सीआरपीएफ के जवान।

# सीआरपीएफ के जवान का हार्ट अटैक से निधन

- राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार
- जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा क्षेत्र में दे रहे थे ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭कोसली

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर संभाग के कुपवाड़ा क्षेत्र में तैनात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 52 वर्षीय एएसआई जयप्रकाश का ड्यूटी के दौरान हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वीरवार को उनका पार्थिव शरीर कोसली क्षेत्र के गांव खुशपुरा लाया गया, जहां राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। सीआरपीएफ एवं हरियाणा पुलिस के जवानों ने पूरे सैन्य सम्मान के साथ दिवंगत जवान को अंतिम सलामी दी। वातावरण भारत माता की जय, जय हिंद और एएसआई जयप्रकाश अमर रहें जयघोष से गूंज उठा। एएसआई जयप्रकाश जम्मू-कश्मीर के संवेदनशील कुपवाड़ा क्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे थे। इस दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन चिकित्सकों के अथक प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका।

#### सांत्वना दी

उनकी मृत्यु का कारण कार्डियक अरेस्ट बताया गया है। सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने उनके निवास पर पहुंच कर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। इस मौके पर जिला पार्षद सुरेंद्र माड़िया, जाटूसाना थाना के एसएचओ विद्यासागर व सीआरपीएफ अधिकारियों सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

---

# एसआईआर के आठ दिन शेष, मतदाताओं से की गणना पत्र जमा कराने की अपील

- 24 जुलाई तक जिले में बीएलओ करेंगे घर घर जाकर सत्यापन कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

भारत निर्वाचन आयोग की ओर से हरियाणा प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के तहत मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के संशोधित शेड्यूल अनुसार जिले में मतदाता सत्यापन का कार्य निर्बाध रूप से जारी है। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक मीणा ने बताया कि जिले के बूथ लेवल अधिकारियों की ओर से 24 जुलाई तक घर-घर जाकर सत्यापन का कार्य किया जाएगा, वहीं मतदान केंद्रों के युक्तिकरण एवं पुनर्व्यवस्था का कार्य भी 24 जुलाई तक पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 31 जुलाई को होगा। इसके बाद 31 जुलाई से 30 अगस्त तक दावे एवं आपत्तियां स्वीकार की जाएंगी। दावों और आपत्तियों का निस्तारण 31 जुलाई से 28 सितंबर तक किया जाएगा तथा 3 अक्टूबर को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।



डीसी अभिषेक मीणा।

---

# शिविर में जनशिकायतों पर हुई सुनवाई

- समाधान शिविर में शहर के शक्ति नगर पार्ट 2 में सीवरेज लीकेज पर दिए समाधान के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

एडीसी राहुल मोदी ने कहा कि आमजन की समस्याओं का हल करते हुए उनके जीवन को सरल और सुगम बनाना ही जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है। एडीसी ने वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की शिकायतें सुनकर अधिकारियों को मौके पर ही समाधान करने के निर्देश दिए। शिविर में शहर के शक्ति नगर पार्ट-2 में सीवरेज ब्लॉकेज की शिकायत, गांव बेरियावास के सत्यवीर को बैट्री वाली ट्राई साइकिल देने, शाहजहांपुर रोड पर गांव भाड़ावास में बिजली बोर्ड के पास अतिक्रमण व सेक्टर-3 हाउसिंग बोर्ड में ग्रीन बेल्ट पर अवैध कब्जे होने पर जलभराव होने की शिकायत पर एडीसी ने अधिकारियों को जांच करते हुए समाधान के निर्देश दिए। इसके अलावा समाधान शिविर में मुख्य रूप से बिजली, पानी, जर्जर सड़कों की मरम्मत, ड्रेनेज व्यवस्था से जुड़ी शिकायतें सामने आईं। इस अवसर पर एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा, एसडीएम सुरेश कुमार व सीटीएम जितेंद्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।




रेवाड़ी। समाधान शिविर में आमजन की शिकायतें सुनते हुए एसपी हेमेंद्र मीणा व एडीसी राहुल मोदी। *फोटो: हरिभूमि*

---

# छात्रों को पॉक्सो अधिनियम पर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सह सचिव व सीजेएम डा. रेनू सोलखे के मार्गदर्शन में वीरवार को विवेकानंद सीनियर सैकेंडरी स्कूल चिल्हड़ में पॉक्सो अधिनियम पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में छात्र-छात्राओं को पॉस्को एक्ट 2012 के प्रावधानों के बारे में जानकारी दी गई। डा. सोलखे ने बताया कि यह अधिनियम बच्चों को यौन शोषण, उत्पीड़न और शोषण से सुरक्षा प्रदान करने के लिए बनाया गया है। उन्होंने बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में समझाया और कहा कि यदि किसी भी बच्चे के साथ ऐसी कोई घटना घटित होती है तो वह डरे नहीं और तुरंत अपने माता-पिता, शिक्षक या पुलिस को सूचित करे। उन्होंने बच्चों को बाल हेल्पलाइन नंबर 1098 और 181 की जानकारी भी दी। सीजेएम ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बच्चों की सुरक्षा और उन्हें कानूनी संरक्षण प्रदान करने के लिए सदैव तत्पर है। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में पौधारोपण अभियान भी चलाया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की पूर्व छात्रा एवं हरियाणा शिक्षा बोर्ड की कक्षा 12वीं की स्टेट टॉपर दीपिका ने भी पौधा लगाया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, अध्यापकगण, पैरा लीगल वॉलेंटियर एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।



रेवाड़ी। बच्चों को पॉक्सो एक्ट की जानकारी देती सीजेएम। *फोटो: हरिभूमि*

---

# पर्यावरण संरक्षण हर जन का कर्तव्य

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीकानेर में वीरवार को एक पेड़ मां के नाम देशव्यापी अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण किया गया। पर्यावरण प्रेमी एवं समाजसेवी रिंकू कुमार, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला प्रभारी मुकेश कुमार, एबीआरसी दिनेश कुमार तथा चंद्रपाल यादव ने विद्यार्थियों के साथ पौधरोपण कर संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर समाजसेवी ने कहा कि प्रकृति ने हमें जीवन के लिए जो अमूल्य उपहार दिए हैं, उनमें वृक्ष सबसे अनमोल हैं। वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन को देखते हुए पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व बन गया है। यदि हम आज अधिक से अधिक पौधे लगाएंगे और उनका संरक्षण करेंगे, तभी आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान अपनी मां और मातृभूमि के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करने का सशक्त माध्यम है।



रेवाड़ी। स्कूल में पौधारोपण करते अतिथि व छात्र। *फोटो: हरिभूमि*

---

**अपील** सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने वालों को प्रदेश सरकार देगी 25 हजार की सहायता

# सड़क सुरक्षा नियमों का पालन हर नागरिक की सामाजिक एवं नैतिक जिम्मेदारीः एसपी

- दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व चार पहिया वाहन चलाते समय नागरिक अवश्य करें सीट बेल्ट का प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

जिला पुलिस कप्तान हेमेंद्र कुमार मीणा ने जिलेवासियों से यातायात नियमों का ईमानदारी पूर्वक पालन करने तथा सुरक्षित, सुव्यवस्थित व दुर्घटनामुक्त यातायात व्यवस्था बनाने में सहयोग देने की अपील की है। एसपी ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल कानून का विषय नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामाजिक एवं नैतिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि थोड़ी-सी सावधानी न केवल स्वयं का जीवन सुरक्षित रखती है, बल्कि दूसरों के जीवन की रक्षा भी करती है।

एसपी ने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि वे दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। निर्धारित गति सीमा की पालना करें, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें तथा ओवरस्पीडिंग, गलत पार्किंग, लापरवाही से वाहन चलाने एवं अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन से बचें। एसपी ने कहा कि यातायात नियमों की पालना एक जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय है और इससे सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सकती है।



एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा।

#### दुर्घटना पीड़ितों की सहायता करने में झिझक न रखें

एसपी हेमेंद्र मीणा ने कहा कि एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड एवं अन्य आपातकालीन वाहनों को तत्काल रास्ता देना प्रत्येक नागरिक का नैतिक एवं कानूनी दायित्व है। ऐसे वाहनों के मार्ग में बाधा उत्पन्न करना किसी गंभीर मरीज या जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन के लिए खतरा बन सकता है, इसलिए सभी वाहन चालक सतर्कता एवं संवेदनशीलता का परिचय देते हुए आपातकालीन वाहनों को बिना किसी विलंब के सुरक्षित मार्ग उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की समय पर की गई सहायता किसी व्यक्ति को नया जीवन दे सकती है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार की राह वीर (गुड समेरिटन) योजना के तहत सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाने में सहायता करने वाले नागरिक को 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती ह, इसलिए दुर्घटना पीड़ितों की सहायता करने में किसी प्रकार की झिझक न रखें और मानवता का परिचय दें। एसपी ने कहा कि सुरक्षित, अनुशासित एवं सुगम यातायात व्यवस्था के निर्माण में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

---



महेंद्रगढ़। डिग्री प्राप्त करता दीपक। फोटो: हरिभूमि

# युवा शोधकर्ता दीपक ने सोशल वर्क में पीएचडी की

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

जिले के गांव खायरा निवासी युवा शोधकर्ता दीपक ने सोशल वर्क (सामाजिक कार्य) विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर अपने परिवार, गांव और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने राजस्थान के जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी) उदयपुर से यह उपाधि प्राप्त की। उनकी इस उपलब्धि से गांव खायरा में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों, सामाजिक संगठनों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। दीपक का शोध कार्य दिव्यांग बच्चों के सामाजिक, शैक्षणिक एवं मनोवैज्ञानिक विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषय पर आधारित है। उन्होंने अपने शोध के माध्यम से यह जानने का प्रयास किया कि दिव्यांग बच्चों को समाज में किन-किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है तथा उनके समावेशी विकास के लिए कौन-कौन से प्रभावी उपाय अपनाए जा सकते हैं।



रेवाड़ी। रथयात्रा में शामिल शिव-पार्वती की झांकी। फोटो : हरिभूमि

## यात्रा के प्रथम बार संचालन के लिए 7 जुलाई 1878 को बना था लाइसेंस

# शहर में धूमधाम से निकली भगवान जगन्नाथ की सवारी

### रथयात्रा में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा से किया स्वागत, छबील व भंडारे का हुआ आयोजन





रेवाड़ी। रथयात्रा में नृत्य करते हुए महिलाएं तथा रथयात्रा में सजी भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा व बलराम की झांकी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

ढोल-ताशों और शहनाई के संगीत की धुन पर थिरकते श्रद्धालुओं की जयघोष के साथ वीरवार को भगवान जगन्नाथ की सवारी शान से निकाली गई। शहर के विभिन्न बाजारों में भगवान का पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को शरबत व प्रसाद वितरण किया गया। बाराहजारी के वृंदावन चौक स्थित प्राचीनतम भगवान जगन्नाथ मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर संचालक पंडित टेकचंद की अगुवाई में मंगल आरती के बाद भगवान के रथ में आरुढ़ कराया गया। मुख्यातिथि एडवोकेट रिंकी यादव ने भगवान जगन्नाथ को पुष्प अर्पित किए। आमंत्रित अतिथि सूरजभान सैनी ने माल्यार्पण किया एवं रवि अग्रवाल भट्टेवाले ने झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया। सिंहासन रथ की जिम्मेदारी राजन अग्रवाल व हितेश कटारिया ने संभाली। रथयात्रा में मथुरा व खैरथल की शहनाई, दिल्ली व अलवर का ढोल ताशा, पलवल का नगाड़ा, बाबा फतेह सिंह अखाड़े की गतका पार्टी और गणेश जी, राधा-कृष्ण, बलभद्र और सुभद्रा माई व शिव-पार्वती की झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। इस मौके पर मंदिर के व्यवस्थापक टेकचंद गौड़ ने बताया कि यात्रा के प्रथम बार संचालन के लिए 7 जुलाई 1878 को लाइसेंस बना था, तब से यात्रा निर्बाध रूप से निकाली जा रही है।

> बाराहजारी के वृंदावन चौक स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में सुबह से ही लगा रहा श्रद्धालुओं का तांता

> यात्रा में मथुरा व खैरथल की शहनाई, पलवल का नगाड़ा, फतेह सिंह अखाड़े की गतका पार्टी रही आकर्षण का केंद्र

## रथयात्रा का हुआ स्वागत

रथयात्रा वृंदावन चौक स्थित भगवान श्रीजगन्नाथ मंदिर से शुरू होकर भाड़ावास रोड़, नई अनाजमंडी, हनुमान मंदिर, बस स्टैंड, रावलीहाट, पुरानी अनाजमंडी, गोकलगेट, जीवली बाजार, कटला बाजार व पेठा बाजार के मार्ग से वापस मंदिर में देर शाम आरती के साथ सम्पन्न हुई। यात्रा के दौरान गुजरान चौक, गोकल बाजार, घंटेश्वर महादेव मंदिर व कटला बाजार सहित पूरे सभी जगह व्यापारियों व श्रद्धालुओं ने छबील व भंडारे का आयोजन किया। यात्रा में भगवान श्रीजगन्नाथ जी के साथ शहर की परिक्रमा में शामिल बलभद्र और सुभद्रा माई की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। इसके अलावा भगवान गणेश, शिव व राधा-कृष्ण की झांकी शामिल रही। मंदिर समिति से जूली गौड व मानवी भारद्वाज के साथ महिलाओं ने भक्ति संगीत की धुन पर नृत्य किया।

### ये रहे मौजूद

भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में अशोक यादव, प्रधान राधेश्याम मित्तल, सुरेश गर्ग, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, जतिन अग्रवाल, ब्राह्मण सभा से चंद्रशेखर गौतम, भूपेंद्र, राकेश, रमेश वशिष्ठ, अजय अत्री, बलवंत सैनी, पवन सिंहल, नवीन भुराड़िया, मोनू कोटिया, रवि भारद्वाज, सुभाष सैनी, राधेश्याम गुप्ता, दुष्यंत मुदगिल, मार्केट कमेटी वाइस चेयरमैन नवल किशोर गुप्ता, वीरेंद्र जिंदल, रिशु यादव, दिनेश कुमार, अंकित, राजीव बंसल, मनीष, अनिल गर्ग, विष्णु गुप्ता, सन्नी गेरा, कमल गुप्ता व बृजेश अग्रवाल सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## लंबे समय से जर्जर कुंड की सड़क

# गड्ढे व खुले पड़े सीवर बने लोगों की परेशानी



रेवाड़ी। कुंड कस्बे की जर्जर सड़क पर जमा पानी व मार्ग पर खुला पड़ा सीवर मेनहोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले के राजस्थान से सटे कुंड कस्बे में दो पंचायतों की सीमा पर स्थित सड़क कई वर्षों से जर्जर हालत में है। सड़क पर गड्ढे होने के कारण रोजाना राहगीर, बच्चे और वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। यह सड़क कुंड मंडी चौक से राजस्थान के महतावास, अडिंद और चीताडूंगरा सहित दर्जनों गांवों को जोड़ती है। एडवोकेट राहुल यादव ने बताया कि पंचायत की ओर से सीवर लाइन बिछाने के लिए सड़क को खोदा गया था, लेकिन उसके बाद नई सड़क बनाने का काम अधूरा छोड़ दिया गया।

### शिकायत के बाद भी नहीं हो रहा समाधान

जर्जर सड़क पर जलभराव से लोगों को मच्छरजनित बीमारियां होने का खतरा बना हुआ है। आए दिन बच्चे और बुजुर्ग फिसलकर चोटिल हो रहे हैं। गांव निवासी संजय ने बताया कि कुंड और मनेठी पंचायत के बीच यह सड़क विवाद का कारण बना हुई है। दोनों पंचायतें एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डाल रही हैं। लोगों ने बताया कि इस संबंध में कई बार पंचायत, ग्राम सचिव, बीडीपीओ और उच्च अधिकारियों को शिकायत की गई है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं किया गया है।

### प्रस्ताव पारित कर किया जाएगा सड़क निर्माण

कुंड के सरपंच प्रतिनिधि आनंद शर्मा ने बताया कि सांसद कोटे से लगभग 11 लाख रुपए खर्च कर सीवर लाइन बिछाई गई थी। अब मनेठी पंचायत ने सड़क निर्माण की जिम्मेदारी कुंड पंचायत को सौंप दी है। उन्होंने बताया कि पंचायत की बैठक में प्रस्ताव पारित कर ग्रांट के लिए उच्च स्तर पर भेजा जाएगा, जिसके बाद सड़क निर्माण का काम शुरू किया जाएगा।

## न्यूज डायरी

### धोलिया कुआं जीवली बाजार में मनाया भगवान सिद्धेश्वर मंदिर का स्थापना दिवस



रेवाड़ी। शहर के धोलियां कुआं जीवली बाजार स्थित भगवान सिद्धेश्वर मंदिर का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर यंग मेंस एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित स्वामी ने मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित थे। जगमोहन शास्त्री ने विधि-विधान से पूजा अर्चना कराई। इस मौके पर भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर अमित स्वामी ने कहा कि ईश्वर के प्रति आस्था मानवता जाग्रत करती है और मानवता सबसे बड़ा धर्म दीन-दुखियों व गरीबों के मदद के लिए समर्पित रहना है। कार्यक्रम में मंदिर कमेटी के प्रधान जगदीश प्रसाद बंसल, सचिव कपिल शर्मा, केएलपी कॉलेज के पूर्व पदाधिकारी रतन लाल अग्रवाल, सुनील यादव, आयोजन सचिव मोहन लाल गुप्ता आदि रहे।

### जिला कारागार में अधिकारियों व बंदियों को दिया सीपीआर प्रक्रिया पर किया जागरूक



रेवाड़ी। जिला कारागार में वीरवार को डा. प्रेम प्रकाश के मार्गदर्शन में सीपीआर जागरूकता एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य कारागार स्टाफ एवं बंदियों को आपातकालीन परिस्थितियों में जीवनरक्षक प्राथमिक उपचार का सही व व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना था। डा. प्रेम प्रकाश ने सीपीआर की आवश्यकता, हृदय गति रुकने की स्थिति में तत्काल उठाए जाने वाले कदम तथा समय रहते सही तकनीक अपनाकर किसी व्यक्ति का जीवन बचाने की जानकारी दी। उन्होंने सीपीआर की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया। शिविर में जिला कारागार के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बंदियों ने भाग लिया।

### 992 ग्राम नशीले पदार्थ गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, मुकदमा किया दर्ज



रेवाड़ी। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने अवैध नशीला पदार्थ गांजा की खरीद फरोख्त करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान यूपी के जिला प्रतापगढ़ के गांव गुलाम का पुर्वा हाल किरायेदार बास रोड धारूहेड़ा निवासी कर्ण सिंह व बिहार के जिला शेखपुरा के गांव गिरिण्डा हाल किरायेदार बास रोड धारूहेड़ा निवासी शिवम के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 992 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ गांजा बरामद किया है। गत 15 जुलाई को पुलिस को सूचना मिली कि कर्ण सिंह व शिवम नशीला पदार्थ गांजा बेचने का काम करते हैं तथा गांजा बेचने के लिए पार्श्वनाथ सिटी धारूहेड़ा की तरफ आ रहे है। सूचना पर पुलिस ने मौके से आरोपियों को गांजे सहित काबू कर लिया।

### यादव सभा को हेल्थ चैकअप कैंप रविवार को

रेवाड़ी। यादव कल्याण सभा की ओर से 19 जुलाई को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्रीकृष्ण भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। कैंप में मरीजों को फ्री दवाईयां भी प्रदान की जाएगी। यादव सभा प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर में अनुभवी डॉक्टरों की टीम मेडिसन, हड्डी रोग, सर्जरी, नेत्र रोग, चर्म रोग व ईएनटी में ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे। इसके अलावा फिजियोथेरेपी की सेवाएं भी दी जाएगी।

### कॉमन एंट्रेंस एग्जाम के चयनित उम्मीदवारों की सूची जारी, 26 को रोहतक में होगा फिजिक्ल

रेवाड़ी। सेना भर्ती कार्यालय चरखी दादरी भर्ती निदेशक ने बताया कि कॉमन एंट्रेंस एग्जाम 2026-27 में भाग लेने वाले जेसीओ रिलीजियस टीचर, सोल्डर टेक्निकल नर्सिंग असिस्टेंट, हवलदार (एजुकेशन) और सेपॉय फार्मा श्रेणी के चयनितउम्मीदवारों की सूची 12 जुलाई को ज्वाइनइंडियनआर्मी. एनआाईसी.इन वेबसाइट पर प्रकाशित कर दी गई है। उम्मीदवार अपना रैली एडमिट कार्ड जेआईए वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि चरखी दादरी, भिवानी, रेवाड़ी और महेंद्रगढ़ जिलों के इन श्रेणी के उम्मीदवारों का फिजिकल टेस्ट राजीव गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम रोहतक में 26 जुलाई को सुबह 4 बजे होगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 8291554800

### पीएम के कार्यक्रम का आज जिमखाना क्लब में प्रसारण

रेवाड़ी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जुलाई को जींद से देश की पहली हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके साथ-साथ विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास भी करेंगे। इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण वर्चुअल माध्यम से सेक्टर-4 स्थित जिमखाना क्लब में किया जाएगा। एडीसी राहुल मोदी ने बताया कि कार्यक्रम में विधायक लक्ष्मण सिंह यादव मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। विधायक डा. कृष्ण कुमार, विधायक अनिल यादव, डा. वंदना पोपली व मनोज यादव उपस्थित रहेंगे।

## कुलपति असीम ने की विभागाध्यक्षों के साथ नए शैक्षणिक सत्र की तैयारियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर



इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. असीम मिगलानी ने विश्वविद्यालय के सभी विभागाध्यक्षों की बैठक लेकर नए शैक्षणिक सत्र की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में कुलसचिव प्रो. दिलबाग सिंह तथा अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले प्रो. सुनील कुमार भी उपस्थित थे। कुलपति ने सभी विभागाध्यक्षों को नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए प्रभावी एवं प्रेरणादायी ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, उपलब्ध सुविधाओं तथा भविष्य के अवसरों की समुचित जानकारी मिल सकें। कुलपति ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों तथा सिलेबस में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रमों को रोजगारोन्मुख, कौशल-आधारित को प्रोत्साहित करने वाला बनाया जाए। उन्होंने कहा कि नई स्कीम एवं संशोधित सिलेबस वर्तमान शैक्षणिक सत्र से ही लागू किए जाएंगे। उन्होंने विभागों को पूर्व छात्रों के साथ निरंतर संवाद एवं नियमित बैठकों के आयोजन पर भी विशेष बल दिया। कुलपति ने शोध कार्यों को और अधिक सुदृढ़ एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने, उच्च-स्तरीय शोध पत्रों को प्रतिष्ठित शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित करने के उद्देश्य से पेटेंट तैयार करने पर जोद दिया।

### बैंक की दीवार में सेंध लगाकर चोरी का प्रयास, नकदी व सामान सुरक्षित

धारूहेड़ा। कस्बे गांव नंदरामपुरा बास स्थित सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक में चोरी का प्रयास करने का मामला सामने आया है। बुधवार रात्रि चोर बैंक की दीवार में सेंध लगाकर अंदर घुस गए, लेकिन लॉकर तक नहीं पहुंच सकें। इससे बैंक में रखी नकदी और अन्य सामान सुरक्षित बच गया। घटना की सूचना मिलने पर धारूहेड़ा थाना पुलिस और बैंक अधिकारी मौके पर पहुंचे। चोरों ने बैंक भवन की खाली क्षेत्र की दीवार में होल कर बैंक के अंदर प्रवेश किया। सुबह जब ग्रामीण बैंक की ओर पहुंचे तो दीवार में बना होल देखकर उन्हें घटना का पता चला। इसके बाद उन्होंने बैंक अधिकारियों और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बैंक परिसर का निरीक्षण किया। बैंक अधिकारियों ने भी रिकॉर्ड और सुरक्षा व्यवस्था की जांच की, जिसमें कोई वित्तीय नुकसान नहीं मिला है। धारूहेड़ा थाना प्रभारी कबूल सिंह ने बताया कि बैंक में सेंधमारी की सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची थी। जांच में पता चला कि चोर बैंक से कोई सामान या नकदी नहीं ले जा सकें। बैंक प्रबंधन की ओर से कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है। शिकायत मिलने के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।

### सार्वजनिक स्थान पर हुड़दंग बाजी के दो आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर शराब के नशे में गाली गलौज व हुड़दंग बाजी करके आम जनता की शांति भंग करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान गांव ततारपुर खालसा निवासी संजय व गांव कंवाली निवासी अश्वनी के रूप में हुई है। गत 15 जुलाई को पुलिस को सूचना मिली कि पोसवाल चौक स्थित शराब के ठेके के पास दो युवक शराब के नशे में गाली गलौज व हुड़दंग बाजी कर रहे है। सूचना पर पुलिस ने तुरंत मौके से दोनों आरोपियों को काबू कर लिया।

### पुलिस व सीडब्ल्यूसी के प्रयास से मानसिक रूप से अस्वस्थ बच्चे को मिला परिवार




रेवाड़ी। चाइल्ड वेलफेयर कमेटी ने मानसिक रूप से अस्वस्थ लावारिस बच्चे को सुरक्षित उसके परिवार तक पहुंचाया। कमेटी की चेयरपर्सन श्रुति शर्मा, सदस्य कुसुमलता, एकता रानी, नीतू चौधरी, बलजीत यादव तथा डीसीपीओ दीपिका यादव केसंयुक्त प्रयासों से मानवता और संवेदनशीलता का सराहनीय उदाहरण पेश हुआ। 10 जून को थाना क्षेत्र में एक लावारिस बच्चा मिला, जिसे तुरंत सीडब्ल्यूसी के समक्ष पेश किया गया। बच्चे की काउंसलिंग कर उसे अस्थाई रूप से बाल गृह में रखा गया। 19 जून को बच्चे का मेडिकल परीक्षण पीजीआई रोहतक में कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मानसिक रूप से अस्वस्थ बताते हुए विशेष देखभाल की आवश्यकता बताई। बच्चे को बेहतर देखभाल के लिए सीसीआई सोनीपत में ट्रांसफर किया गया। बच्चों का अत्यधिक आक्रमक स्वभाव होने के कारण उसे वापस रेवाड़ी भेज दिया गया, जहां बच्चे का इलाज चलाया गया। इस दौरान पुलिसकर्मी एएसआई सुनील कुमार ने धैर्य, संवेदनशीलता और कुशलता के साथ बच्चे से संवाद स्थापित किया और उसका विश्वास जीता। इसके बच्चे के परिजनों की तलाश शुरू की गई। बच्चे की पहचान होने के बाद उसे परिवार को सौंप दिया गया।

### लिलोढ़ स्कूल का शहीद के नाम पर नामकरण

कोसली। लिलोढ गांव की राजकीय प्राथमिक पाठशाला का नामकरण गांव के शहीद बंसीलाल के नाम पर शहीद बंसीलाल प्राथमिक पाठशाला हो गया है। इस आशय का एक नाम पट्ट वीरवार को पाठशाला के गेट पर लगाया गया। सरकार व प्रशासन के इस फैसले का सभी ग्रामीणों ने स्वागत किया है। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि भगवान देव, मदन, अभय कुमार, कृष्ण कुमार, जय प्रकाश, सुंदर, विक्रम, जीतराम, विद्यालय से रविन्द्र कुमार प्रधान हसला, सोमेश लिपिक, सुख सहाय, राजबीर सिंह, संजय कुमार, धर्मेन्द्र सिंह व चन्द्रशेखर मौजूद थे।

## भारत-अमेरिका डील से देश होगा बर्बाद: राजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। गांव आलियावास में ग्रामीणों को संबोधित करते कामरेड राजेन्द्र सिंह।

ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन की ओर से वीरवार को गांव आलियावास में जनसभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर सगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व संयुक्त किसान मोर्चा के वरिष्ठ किसान नेता सत्यवान ने कहा कि जन जीवन के ज्वलंत मुद्दे महंगाई, बेरोजगारी के विरोध, मनरेगा स्कीम की बहाली, किसानों को उनकी फसल लागत से डेढ़ गुना लाभकारी मूल्य दिलाने, किसान मजदूरों को कर्ज मुक्त करने, किसान विरोधी अमेरिका भारत डील रद्द करने, बिजली के निजीकरण व स्मार्ट मीटर, पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस, सीएनजी व खाद तथा बीज के बढ़ाए गए रेट के विरोध में आने वाले दिनों में किसान, मजदूर, युवा व महिलाओं का प्रदेश व्यापी आंदोलन गठित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार लगातार किसान विरोधी नीतियां लाकर पूजीपतियों व कंपनियों को मालामाल कर रही है, जिसके चलते किसान की आर्थिक हालत खराब होती जा रही है। खेती में काम आने वाले खाद, बीज कीटनाशक व खेती के औजार मशीनरी के दाम आसमान छू रहे हैं।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर संगठन के जिला प्रधान रामकुमार निमोठ, मूलचंद आर्य, अमरसिंह राजपुरा, शिवपाल चिमनावास, कैप्टन बीरेंद्र सिंह मूंदी, इश्वर सिंह नांगल व इन्द्रजीत सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।


**मौसम** आसमान के बादल बढ़ा रहे उमस का असर, बारिश के लिए करना होगा इंतजार

# मानसून की बेरूखी से चढ़ रहा पारा भीषण गर्मी से लोगों का जीना मुहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मानसून के सीजन में अच्छी बारिश नहीं होने से लोगों को एक बार फिर भारी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश का सिलसिला बंद होने से तापमान फिर से बढ़ने लगा है। दो दिन पहले शाम को हुई तेज बरसात से मौसम सुहावना होने से लोगों को गर्मी से राहत मिल गई थी, लेकिन उसके बाद से आसमान में छाने वाले बादल उमस पैदा कर रहे हैं, जिससे लोगों को भारी गर्मी झेलनी पड़ रही है। अच्छी बारिश के लिए अभी कुछ दिन और इंतजार करना पड़ सकता है।

पिछले सप्ताह हुई बरसात से बारिश के बाद तापमान गिरकर 30.0 डिग्री सेल्सियस तक आ गया था। इसके बाद मौसम ठंडा होने से लोगों को भारी गर्मी से राहत मिल गई थी। अब तीन दिन से बारिश के अभाव में पारा लगातार चढ़ रहा है। वीरवार को सुबह के समय आंशिक बादल छाने के बाद दोपहर तक आसमान साफ हो गया। तेज धूप और हवा में नमी ने भारी उमस पैदा कर दी। अधिकतम तापमान 1.0 डिग्री की वृद्धि के साथ 38.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। वही न्यूनतम तापमान 3.9 डिग्री बढ़कर 27.4 डिग्री पर आ गया। हवा में नमी का स्तर 60 प्रतिशत तक रहा। दोपहर बाद आसमान में बादल गहराने के बाद बूंदाबांदी की संभावना बनने लगी।



रेवाड़ी। वीरवार दोपहर बाद छाए बरसात के बादल। फोटो : हरिभूमि

### मौसम में बार-बार आ रहा बदलाव

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिलेगा। इस सप्ताह के अंत तक आंशिक या घने बादलों के बीच तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी हो सकती है। कहीं-कहीं हल्की बारिश भी हो सकती है। मानसून अगले सप्ताह के शुरू में ही रफ्तार पकड़ेगा, जिसके बाद मध्यम से भारी बारिश की संभावना रहेगी। अच्छी बारिश के बाद ही भारी उमस से निजात मिलने की संभावना है। इस सप्ताह तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा, लेकिन उमस से राहत की उम्मीद कम है।

- पिछले सप्ताह हुई बरसात से तापमान गिरकर पहुंचा था 30 .0 डिग्री सेल्सियस

### बिजली की खपत में फिर से इजाफा

मानसून की पहली अच्छी बारिश के बाद तापमान गिरने से घरेलू बिजली की खपत 20 लाख यूनिट तक कम हो गई थी। बारिश का सिलसिला थमने के बाद बिजली की दैनिक खपत में फिर से इजाफा होना शुरू हो गया है। इस समय बिजली की खपत 85 लाख यूनिट के पार पहुंच गई है। अगर आने वाले दिनों में बारिश नहीं होती है और तापमान बढ़ता है, तो बिजली की खपत की खपत में और भी बढ़ोतरी होगी।

## प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति वर्ष में कम से कम एक बार रक्तदान अवश्य करें : महंत

**कुंड में आयोजित शिविर में 107 युवाओं ने स्वेच्छा से किया रक्तदान**

कुंड। वीरवार को कुंड बस स्टैंड स्थित समारोह स्थल में रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। गोसेवक नीरज यादव व राहुल यादव मनेठी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित शिविर में क्षेत्र के युवाओं व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 107 यूनिट रक्तदान किया। मुख्य अतिथि महंत सुमितगिरी महाराज एवं गोरक्षक मोनू मानेसर ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और यह मानव सेवा का सबसे बड़ा कार्य है। उन्होंने कहा कि दान किया गया रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन प्रदान कर सकता है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को वर्ष में कम से कम एक बार स्वेच्छा से रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान करने से शरीर में किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती, बल्कि नई रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता है, जिससे शरीर स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक युवा गो सम्मान अभियान से जुड़कर गोसेवा एवं गोसंरक्षण के कार्यों में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि गोमाता भारतीय संस्कृति, सनातन धर्म और हमारी आस्था का आधार हैं। गोमाता की सेवा, संरक्षण एवं सम्मान प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। इस अवसर पर भाजपा मंडल खोल अध्यक्ष सुभाष यादव, समाजसेवी दिनेश यादव टींट, जैकी महंत, गौरव, सुरेश चंद्र, अंकुर यादव, अमित, सुमित, नवीन, कृष्ण यादव, लखवीर मनेठी, रवि कोलाना, मनीष यादव, देवेश मुकदम, मास्टर लक्ष्मण सिंह, प्रवीण सुहाग, योगेश तंवर, दिवान नेहरा, जयंत राता, अलिश डहीना, विवेक यादव, राधे मनेठी, शुभम, रोकी सैनी, नवीन दहिया, भोलू ढांणा व विनोद मनेठी सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

